17/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 की शुरुआत आज से हो गया जिसका समापन 2 अक्टूबर को होगा। इस वर्ष का विषय 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' है। अभियान के एक हिस्से के रूप में, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने ईटानगर में देरा नातुंग गवर्नमेंट कॉलेज से दोरजी खांडू कन्वेंशन सेंटर तक 4 किलोमीटर की वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाई। श्री खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़े की शुरुआत महात्मा गांधी एवं प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करेगा। श्री खांडू ने लोगों से स्वच्छता को सिर्फ एक मिशन नहीं बल्कि जीवन का एक हिस्सा बनाने का प्रयास करने की भी अपील की। उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ स्वभाव और स्वच्छ संस्कार के दृष्टिकोण को अपनाने का भी आग्रह किया। इधर ईस्ट सियांग जिले में जागरूकता अभियान के लिए पासीघाट नगर परिषद (पीएमसी) के स्वच्छता वाहन को विधायक तापी दारांग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा, राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज सिविल सचिवालय, ईटानगर के कार्यालयों और शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विभाग प्रमुखों और कार्यालय कर्मचारियों से अपने कार्यस्थलों में स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील की।

00000000000000000000

राज्य के शिक्षामंत्री पीडी सोना ने आज मेबो सबडिविजन के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अत्याधुनिक नए स्कूल भवन का उदघाटन किया। इससे पहले आज श्री सोना ने पासीघाट में आईजीजे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सम्मेलन हॉल में शिक्षा क्षेत्र पर चिंतन शिविर पर समीक्षा के लिए एक समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे की कमी की पहचान करने के लिए सरकार के प्रयासों को बताते हुए शिक्षामंत्री ने कहा कि अच्छे स्कूल बुनियादी ढांचे से छात्रों के लिए उपयुक्त शैक्षणिक माहौल तैयार होगा और उन्होंने सभी से स्कूल की संपत्तियों को बनाए रखने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में 8वें भारत जल सप्ताह का उदघाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण, बेहतर प्रबंधन, विकास और वितरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जन आंदोलन शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने जल संरक्षण और स्थिरता के ज्वलंत मुद्दे से निपटने के लिए एकजुट प्रयासों के महत्व पर जोर दिया।

000000000000000000

मनीष कुमार गुप्ता ने कल राज्य के नए मुख्य सचिव का पदभार संभाल लिया है। ईटानगर के सीएस कॉन्फ्रेंस हॉल में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिवों, आयुक्तों और अन्य सचिवों के साथ परिचयात्मक सह समन्वय बैठक की।

मुख्य सचिव ने राज्य में चल रही विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली। इसी के तहत  अगले कुछ हफ्तों में प्रत्येक विभाग के साथ अलग-अलग बैठकों का आयोजन भी किया जाएगा। राज्य के नए मुख्य सचिव चल रही परियोजनाओं और लोगों से जुड़े मुद्दों की जमीनी स्तर का आकलन करने के लिए जिलों का दौरा भी करेंगे।

0000000000000000000

भारतीय मजदूर संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी जन रैली का समर्थन करते हुए भारतीय मजदूर संघ अरुणाचल प्रदेश ने भी आज एकजुटता दिखाते हुए ईटानगर में एक जन रैली निकाली। भारतीय मजदूर संघ ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 17 सितंबर को राष्ट्रीय मजदूर दिवस घोषित करने की मांग की है। इस संबंध में राज्य इकाई मजदूर संघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा है।

000000000000000000000

तवांग के जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने कल तवांग जिले के ज़ोम्खांग हॉल में आपदा प्रतिरोधी समाज बनाने के लिए समुदाय की क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी आपदा प्रतिक्रिया पर सामुदायिक स्वयंसेवकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र शुरू किया। इसमें विभिन्न ग्राम पंचायतों के लगभग पैतीस सामुदायिक स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

000000000000000

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने आज नई दिल्ली में सीओपी9 ब्यूरो की दूसरी औपचारिक बैठक और यूनेस्को अंतर्राष्ट्रीय खेल डोपिंग सम्मेलन के तहत फंड की स्वीकृति समिति की तीसरी बैठक की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में डॉ. मंडाविया ने वैश्विक डोपिंग विरोधी प्रयासों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए खेलों की अखंडता की रक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

0000000000000000000000

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्‌वारा एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रीय पोषण माह का 7वां संस्करण का शुभारंभ हो गया है। जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर पोषण परिणामों में सुधार लाना और व्यवहारिक परिवर्तनों को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष के विषय में पूरक आहार शामिल है, जो शिशु पोषण का एक महत्वपूर्ण पहलू है। अब तक, 7वें राष्ट्रीय पोषण माह में देशभर ने उल्लेखनीय भागीदारी देखी गई है, जिसमें पैतीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सात सौ छप्पन जिले जागरूकता अभियान और पोषण-केंद्रित संवेदीकरण गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हो रहे हैं।

00000000000000000000

केंद्र सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) को परीक्षा के विभिन्न चरणों के दौरान उम्मीदवारों की पहचान स्थापित करने के लिए स्वैच्छिक आधार पर आधार प्रमाणीकरण करने के लिए अधिकृत किया है। एक राजपत्र अधिसूचना में, कार्मिक मंत्रालय ने एसएससी को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा बनाए गए अधिनियम, नियमों और विनियमों के सभी प्रासंगिक प्रावधानों का पालन करने के लिए कहा है।

0000000000000000000000

आम आदमी पार्टी विधायकों की बैठक के दौरान आज एक मत से पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रुप में चुना है। नई दिल्ली में पार्टी उन्हें आप विधायक दल का नेता चुना गया। इस बीच, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। श्री केजरीवाल ने आज शाम दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया।

0000000000000000000000